राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 360
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 22 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236




मुख्य अपडेट
पेज 3 महिला की हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार
पेज 4 बरखेड़ा पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में पिता-पुत्र
पेज 6 ऋषभ की कप्तानी में दूसरा टेस्ट जीतकर सीरीज बराबर करने

## संक्षिप्त खबरें

### मध्य प्रदेश में हिंदू लड़की को ब्लैकमेल करने वाले मुस्लिम युवक के मुंह पर पोती गंदगी

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के छतरपुर में शुक्रवार को हिंदू लड़की से छेड़छाड़ और ब्लैकमेल करने वाले मुस्लिम युवक के मुंह पर नाली की गंदगी पोत दी गई। हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने पैसे देने के बहाने उसे होटल बुलवाया और पकड़कर मारपीट की। बाद में बाल खींचते हुए थाने ले गए। पुलिस ने छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। घटनाक्रम का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। युवती का आरोप है कि अनस खान वीडियो-फोटो दिखाकर उसे ब्लैकमेल कर रहा है। पैसे भी मांग रहा था। वहीं हिंदू संगठन से जुड़े वीरेंद्रश्रीवास की मानें तो अनस लड़की को एक वर्ष से प्रताड़ित कर रहा था।

### महाराष्ट्र के नासिक में बच्ची से दुष्कर्म और हत्या

**मुंबई।** नासिक के मालेगांव जिले में चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी निर्मम हत्या के मामले में शुक्रवार को भी स्थानीय लोगों ने मालेगांव सत्र न्यायालय के बाहर प्रदर्शन कर सड़कें जाम कीं। प्रदर्शनकारी आरोपित को उन्हें सौंपने या फांसी देने की मांग कर रहे हैं। रविवार को मालेगांव के डोंगराले गांव में बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी तभी उसी गांव का रहनेवाली एक व्यक्ति चॉकलेट का लालच देकर उसे अपने साथ ले गया। पहले उसके साथ दुष्कर्म किया, फिर पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी।

# भारत का तेजस फाइटर जेट दुबई एयर शो में हुआ क्रैश

### पायलट की भी मौत, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा के रहने वाले थे

**दुबई।** दुबई एयर शो में भारतीय वायुसेना का तेजस फाइटर जेट क्रैश हो गया।

हादसा अल मकतूम एयरपोर्ट पर जारी एयर शो में एक डेमो फ्लाइट के दौरान हुआ। न्यूज एजेंसी के मुताबिक हादसा शुक्रवार को भारतीय समय के मुताबिक 3.40 बजे हुआ।



विमान के गिरते ही उसमें आग लग गई और हवाई अड्डे के ऊपर काले धुएं का गुबार देखा गया। एयरफोर्स ने बताया कि हादसे में पायलट की भी मौत हो गई। जान गंवाने वाले विंग कमांडर नमन स्याल हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा के रहने वाले थे।

क्रैश के कारणों की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी ऑर्डर कर दी गई है। वायुसेना का तेजस जेट क्रैश होने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले 2024 में राजस्थान के पोकरण में युद्धाभ्यास के दौरान इंजन फेल होने की वजह से तेजस क्रैश हो गया था।

### एक्सपर्ट बोले- पायलट निगेटिव जी-फोर्स टर्न से नहीं उबर पाया

रिपोर्ट्स के मुताबिक तेजस का पायलट निगेटिव ज-फोर्स टर्न से रिकवर नहीं कर पाए। इसके चलते विमान नियंत्रण खो बैठा। वीडियो में साफ दिखता है कि तेजस विमान सीधे नीचे गिरा और इसमें कोई ग्लाइडिंग नहीं दिखी। यानी रिकवरी फेल रही और विमान फ्री-फॉल में चला गया।

# दिल्ली पुलिस का साइबर-फ्रॉड नेटवर्क के खिलाफ ऑपरेशन साइहॉक

### 4400 से ज्यादा संदिग्धों को पकड़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के साथ मिलकर साइबर-फ्रॉड नेटवर्क, म्यूल अकाउंट, नकली कस्टमर-केयर/टेक-सपोर्ट कॉल-सेंटर और कैश-एजेंट को पकड़ने के लिए ऑपरेशन साइहॉक चलाया। इस 48 घंटे के अभियान के दौरान कुल 4,467 संदिग्धों को हिरासत में लिया।

इनमें से 877 को गिरफ्तार या बाउंड-डाउन किया गया। पुलिस ने इसे साइबर-क्राइम मॉड्यूल की रणनीति में रिएक्टिव से प्रो-एक्टिव बदलाव बताया।

# महाराष्ट्र में कार ने कई वाहनों को कुचला, 4 की मौत और 3 घायल

### ड्राइवर को हार्टअटैक आने से हादसा हुआ, उसकी भी मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के अंबरनाथ शहर में शुक्रवार शाम 6.42 बजे कार चला रहे शख्स को हार्टअटैक आ गया। इसके बाद अनकंट्रोल कार सामने से आ रहे वाहनों से जा टकराई और पलट गई। शहर के फ्लाईओवर पर इस हादसे में 4 लोगों की मौत हुई है, 3 लोग घायल हैं।




पूरी घटना फ्लाईओवर के पास मौजूद इमारत पर लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई है। इसमें नजर आ रहा है कि फ्लाईओवर पर बहुत क्राउड है। दोनों और से वाहनों का आवाजाही लगी है। तभी 6 बजकर 42 मिनट पर तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे दो टू-व्हीलर समेत 4 से 5 वाहनों से टकराती है और पलट जाती है।

वीडियो में नजर आ रहा है कि कार जब बाइकों से टकराती है तब टक्कर के कारण बाइक सवार एक व्यक्ति हवा में कई फीट उछलता है और फ्लाईओवर से दूसरी तरफ कई फीट नीचे जाकर गिरता है। सड़क से भी कई लोग गुजर रहे होते हैं, लेकिन गनीमत रही कि सड़क पर खड़े लोगों को चोट नहीं आई।

हादसे के बाद फ्लाईओवर और सड़क दोनों पर लोगों की भीड़ जमा हो जाती है। इसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया जाता है। कुल 4 लोगों की मौत इस हादसे में हुई है। 3 घायल हैं, उनका अस्पताल में इलाज जारी है। इनकी भी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### कंटेनर में ब्लास्ट के बाद आग लगी, ड्राइवर जिंदा जला

**लालसोट( दौसा )।** राजस्थान के दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बेकाबू कंटेनर में एलईडी पोल से टकरा गया। टक्कर के बाद कंटेनर में ब्लास्ट हो गया और आग लग गई, जिससे ड्राइवर जिंदा जल गया। हादसा राहुवास थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर 12 बजे हुआ। हादसे का सीसीटीवी भी सामने आया है, जिसमें कंटेनर दिल्ली की ओर से आ रहा है। इस दौरान धमाके के बाद आग लग गई। एएसपी दिनेश अग्रवाल ने बताया- ट्रक उन्नाव (उत्तरप्रदेश) से मुंबई मीट लेकर जा रहा था। डूंगरपुर इंटरचेंज के पास कंटेनर का टायर फट गया, जिससे वह बेकाबू होकर एलईडी पोल से टकरा गया। आशंका है कि एसी में स्पार्किंग के बाद आग लग गई, जिससे अंदर बैठा ड्राइवर जिंदा जल गया।

### छापेमारी



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल और झारखंड में कोयला माफिया के 40 ठिकानों पर समन्वित मनी लॉन्ड्रिंग छापेमारी के दौरान सोने के आभूषण और नकदी जब्त की।

# दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर, एक्यूआई 506 पहुंचा

### सभी स्कूलों में स्पोर्ट इवेंट्स पर रोक; एमपी के 12 शहरों में पारा 10 से नीचे

**भोपाल/देहरादून/दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार को दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 506 रहा, जो खतरनाक श्रेणी में आता है। दुनियाभर में वायु प्रदूषण को मापने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था 'आईक्यू एयर' की लाइव रैंकिंग में दिल्ली दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर दर्ज किया गया।

दिल्ली सरकार ने बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते नवंबर-दिसंबर में सभी स्कूलों में स्पोर्ट इवेंट्स पर रोक लगा दी है। इससे पहले 18 अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली के स्कूलों में स्पोर्ट्स फंक्शन न हो।

इधर मध्य प्रदेश में बीते 15 दिन से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। पिछले



24 घंटे में भोपाल, इंदौर समेत 12 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। राजगढ़ में तापमान सबसे कम 7.5 डिग्री दर्ज किया गया।

जबलपुर में घना कोहरा छाया रहा। इंदौर, भोपाल, राजगढ़, शाजापुर और सीहोर में शुक्रवार को शीतलहर का अलर्ट है।

उत्तराखंड के बद्रीनाथ में तापमान माइनस 6 से नीचे है। मैदानी इलाकों में सुबह के समय कोहरा छा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार राज्य में अगले कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। फिर बर्फबारी का अनुमान है।



### हैप्पी मॉर्निंग

एक पार्टी में नेहा ने अपनी सहेली अंकिता से कहा- देखो वो लड़का कितना बोलता है, लगातार बोलता ही जा रहा है इस पर नेहा ने कहा- एक महीने बाद उसकी बोलती बंद हो जाएगी अंकिता- वो कैसे? नेहा- अगले महीने मैं उससे शादी जो करने जा रही हूं....



### शायरी

ज़मीन की कोख ही ज़ख़्मी नहीं अंधेरों से
है आसमाँ के भी सीने पे आफ़्ताब का ज़ख़्म

### अर्थसार




### मौसम



अधिकतम : 25 डिग्री से0
न्यूनतम : 11 डिग्री से0
सूर्योदय रविवार : 6 : 53
सूर्यास्त शनिवार : 5 : 25

# पुलिस बोली-2020 के दिल्ली दंगों में टेरर फंडिंग हुई थी

### दंगे से पहले कई मीटिंग हुईं, पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की साजिश थी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि 2020 के दिल्ली दंगे अचानक नहीं भड़के थे, बल्कि इन्हें पहले से पूरी योजना बनाकर कराया गया था। पुलिस की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दावा किया कि दंगों के लिए टेरर फंडिंग की गई और प्रदर्शन को जानबूझकर हिंसक मोड़ दिया गया।

एएसजी राजू के मुताबिक, ताहिर




हुसैन, शिफा-उर-रहमान, मीरन हैदर, इशरत जहां और खालिद सैफी ने दंगों के लिए बड़ी रकम जुटाई।

दंगे से पहले कई मीटिंग की गईं। इनमें हिंसा बढ़ाने, चक्का जाम करने और जरूरी सेवाएं रोकने की योजना बनाई गई थी। पुलिस ने यह भी दावा किया कि बैठकों में पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की भी साजिश रची गई थी।

सुनवाई जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच कर रही थी। कोर्ट में एक वीडियो भी दिखाया गया जिसमें भीड़ हाथों में डंडे लेकर चलते दिखाई दे रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अब अगली सुनवाई सोमवार दोपहर बाद के लिए तय की है।

### 11 नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में विधानसभा के सामने दो समूहों के बीच झड़प के सिलसिले में 11 नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। दो नाबालिग हिरासत में लिए गए हैं। 16 नवंबर को हुई इस घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना नेपाली नागरिकों के दो समूहों से जुड़ी हैं। वह बेंगलुरु के लोकप्रिय स्थलों पर अपनी मूल भाषा में रील बनाते हैं। कथित तौर पर यह टकराव तब शुरू हुआ, जब एक समूह ने दूसरे को विधान सौध के पास रील बनाते देखा। यह बाद में झगड़े में बदल गया।

# देश में श्रम कानून की जगह 4 नए लेबर-कोड लागू



### अब 1 साल में मिलेगी ग्रेच्युटी; फ्री हेल्थ चेकअप समेत मजदूरों को मिलीं कई गारंटियां

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश के सभी मजदूरों और कर्मचारियों के लिए एक बड़ा फैसला करते हुए शुक्रवार से चार नए लेबर कोड लागू किए हैं। पहले जो 29 अलग-अलग श्रम कानून थे, उनमें से जरूरी बातें निकालकर इन्हें अब 4 आसान और साफ नियमों में बदल दिया गया है।

इन नए नियमों का मकसद हर कामगार को समय पर और ओवरटाइम वेतन, न्यूनतम मजदूरी, महिलाओं को बराबर मौका और सैलरी, सोशल सिक्योरिटी, फ्री हेल्थ चेकअप देना है। नए कानून से कर्मचारी को 5 की जगह सिर्फ 1 साल में ग्रेच्युटी का लाभ मिलेगा।

सरकार का कहना है कि पुराने श्रम कानून 1930-1950 के बीच बने थे, जब कामकाज, इंडस्ट्री और टेक्नोलॉजी आज से बिल्कुल अलग थे। नए कोड आधुनिक जरूरतों और अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। इसलिए पुराने 29 श्रम कानूनों को सरल बनाकर चार लेबर कोड में बदल दिया है।

# भारत में 30 प्रतिशत महिलाओं ने पार्टनर से हिंसा झेली

### 15-49 एज ग्रुप की हर पांचवीं महिला पीड़ित; दुनिया में 84 करोड़ महिलाओं के साथ सेक्शुअल एब्यूज

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 30 प्रतिशत महिलाएं इंटीमेट पार्टनर वॉयलेंस का शिकार हुई हैं। यानी कि उनके पति या पार्टनर के जरिए मानसिक, आर्थिक और यौन हिंसा की गई है।

रिपोर्ट में बताया गया कि 15 से 49 एज ग्रुप की हर पांचवीं महिला इससे पीड़ित है। वहीं दुनिया में करीब 84 करोड़ महिलाओं ने अपनी जिंदगी में कभी न कभी पार्टनर की तरफ से सेक्शुअल एब्यूज झेला है।

साल 2000 के बाद से यह आंकड़ा मुश्किल से ही बदला है। अगर नॉन-पार्टनर की बात की जाए तो दुनिया भर में 15-49 साल की उम्र की 8.4 परसेंट महिलाओं को किसी ऐसे व्यक्ति से सेक्शुअल हिंसा का सामना करना पड़ा है जो पार्टनर नहीं है।

वहीं भारत में 15 साल और उससे ज्यादा उम्र की लगभग चार परसेंट महिलाओं के साथ किसी ऐसे व्यक्ति ने यौन हिंसा की है जो उनका पार्टनर नहीं है।



### 168 देशों के डेटा से रिपोर्ट तैयार की गई

यह रिपोर्ट 168 देशों के 2000-2023 के आंकड़ों पर आधारित है। इसे 25 नवंबर को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय दिवस : महिलाओं के खिलाफ हिंसा समाप्त करने से पहले जारी किया गया। रिपोर्ट कहती है कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा में सुधार की गति बहुत धीमी है और 2030 तक महिलाओं के खिलाफ हिंसा समाप्त करने का लक्ष्य मुश्किल दिखता है।

2022 में ग्लोबल डेवलेपमेंट रिलीफ फंड में से सिर्फ 0.2 प्रतिशत राशि महिलाओं के खिलाफ हिंसा रोकने वाले कार्यक्रमों के लिए दी गई। 2025 में यह फंडिंग और कम हो गई है। जबकि मानवीय संकट, युद्ध, और जलवायु आपदाएं (जैसे अत्यधिक मौसम) महिलाओं पर हिंसा के जोखिम को और बढ़ा रही हैं।

# शिमला की संजौली मस्जिद में नहीं पढ़ने दी नमाज

### बिजली-पानी काटेगा प्रशासन, हिंदू संगठनों का चक्का जाम; आमरण अनशन खत्म

**शिमला।** हिमाचल की राजधानी शिमला के संजौली में मस्जिद में प्रशासन ने आज (शुक्रवार को) नमाज नहीं पढ़ने दी।

हिंदू संगठनों के विरोध के बाद किसी भी व्यक्ति को मस्जिद के भीतर नहीं जाने दिया गया।

संजौली में चल रहे आमरण अनशन के बाद प्रशासन ने मस्जिद का बिजली-पानी काटने और हिंदू नेताओं पर दर्ज एफआईआर वापस लेने का भरोसा दिया।

इसके बाद, हिंदू संगठनों ने आमरण अनशन खत्म करने का फैसला लिया। जबकि क्रमिक अनशन बिजली-पानी कटने और एफआईआर रद्द होने तक जारी रहेगा। इससे पहले, प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के रवैये को देखते हुए पांच मिनट तक चक्का जाम किया। इस दौरान, माहौल तनावपूर्ण हो गया। मगर प्रशासन और हिंदू संगठनों के बीच बीती रात से चल रही बातचीत के बाद समाधान निकाला गया।

### हत्या

### चौथी में मायके गई तो साजिश रची, प्रेमी ने माथे पर गोली मारी

# यूपी : बस्ती में शादी के 7वें दिन पति की हत्या कराई

**बस्ती।** बस्ती में शादी के 7वें दिन दुल्हन ने अपने प्रेमी से पति की हत्या करवा दी। प्रेमी उसे घर के बाहर से रास्ता पूछने के बहाने ले गया। माथे पर कट्टा सटाकर गोली मार दी। पुलिस ने कुछ ही घंटों में मामले का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दुल्हन को भी हिरासत में लिया गया है। दोनों का 2 साल से अफेयर चल रहा था।

दरअसल, गुरुवार शाम युवक अपने घर के बाहर टहल रहा था। इसी दौरान प्रेमी पता पूछने के बहाने उसके पास आया। अपनी बातों में उलझाकर कुछ दूर तक ले गया। फिर गोली मार दी।



परिवार वाले युवक को श्रीराम चिकित्सालय अयोध्या ले गए, जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। लेकिन, डॉक्टर उसे बचा नहीं पाए।

पुलिस ने वारदात के वक्त आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ के बाद आरोपी की तलाश शुरू की। गुरुवार देर रात आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सख्ती की तो उसने अपना जुर्म कबूल लिया और हत्या की पूरी कहानी बताई।

पुलिस ने प्रेमी के एक सहयोगी को भी पकड़ा है। वह नाबालिग है। मामला बस्ती के बेदीपुर गांव का है।

### निकाह के बाद भी प्रेमी से बात करती रही

बस्ती के परशुरामपुर थाना क्षेत्र के बेदीपुर गांव के अनीश (25) पुत्र शमसुद्दीन का निकाह 13 नवंबर को गोंडा की रुकसाना (20) से हुआ। अनीश रुकसाना के खास बुआ का बेटा था। अनीश मुंबई में हाइड्रा क्रेन चलाता था।

शादी के लिए 10 नवंबर को गांव लौटा। रुकसाना का गांव के ही रिंकू सिंह (22) से अफेयर चल रहा था। शादी के बाद भी दोनों आपस में बात करते रहे। 19 नवंबर को रुकसाना सुसराल से मायके चौथी के लिए चली आई।

### मायके जाकर हत्या की साजिश रची, थाने में बोली- मुझे नहीं पता

रुकसाना ने प्रेमी रिंकू कन्नौजिया संग मिलकर अनीश की हत्या की साजिश रची। उसने अनीश की लोकेशन की जानकारी रिंकू को दे दी। रिंकू एक नाबालिग के साथ बाइक लेकर अनीश के घर के पास पहुंचा। उसने रास्ता पूछने के बहाने अनीश को रोक लिया।

बात करते हुए कुछ दूर तक ले गया। वहीं, उसने देसी कट्टा सटाकर माथे पर गोली मार दी।

थाने में रुकसाना ने कहा, पहले मुझे इसके बारे में पता नहीं थी। जब गोली लगी, तब मुझे पता चला। इस बारे में मुझे कुछ नहीं पता। ये मेरा प्रेमी है। लेकिन इसने मुझे बताकर गोली नहीं मारी।

# ESCON Villas : बिना परमिशन, बिना ज़मीर - बिक रहा है सपना या छलावा?

जितेन्द्र चौधरी
प्रधान संपादक — विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

#सवाल#जिंदा#हैं

ग्रेटर नोएडा की जमीनी हकीकत से उठता एक और सवाल — ESCON Infra Realtor की 'पैनाश विला' सीरीज़ आखिर किसकी शह पर पनप रही है?

जब पूरा सिस्टम खामोश हो और पत्रकारों की चेतावनी भी अनसुनी कर दी जाए, तब शक पुख्ता होता है कि रजिस्ट्री नहीं, रिश्तों की दम पर इमारत खड़ी हो रही है।

☞ नक्शा पास नहीं,

☞ किसी भी अथॉरिटी से अनुमति नहीं,

☞ और फिर भी बिक्री जोरों पर!

## क्या इसे रियल एस्टेट विकास कहें या संगठित लूट?

**बड़ी बात यह है :**

ग्रेटर नोएडा साइट सी (Surajpur) में ESCON Infra Realtor की Panache Villas स्कीम पूरी तरह से अवैध है — यह सूचना खुद प्राधिकरण की RTI और इन्वेस्टिगेटिव दस्तावेज़ों में प्रमाणित हो चुकी है।

इसके बावजूद खुलेआम बुकिंग चल रही है — Facebook और Instagram पर धड़ल्ले से एड चल रहे हैं, और साइट विज़िट के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है।

## सवाल यह भी कि

जब शाहबेरी जैसे घोटाले से पूरा देश हिल गया था, तब ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी और शासन-प्रशासन ने यह कसम खाई थी कि दोबारा ऐसा नहीं होगा।

तो अब ESCON को किसके इशारे पर छूट मिली है?

क्या अफसर चुप हैं या हिस्सेदार?

## जनता पूछ रही है

'यदि नक्शा पास नहीं, अनुमति नहीं, तो यह निर्माण कार्य किसके बल पर हो रहा है?'

'अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई?'

'अगर मीडिया ने यह मुद्दा उठाया है, शिकायते पहुंची हैं तो शासन की चुप्पी किस चीज़ का संकेत है?'

**'दीवारें उठीं हैं बेइमानी की ईंटों से,**

**जो बिक गया वो बिल्डर है, जो चुप रहा वो सिस्टम है!'**

यह खबर सिर्फ एक प्रोजेक्ट की नहीं — यह पूरे सिस्टम पर सवाल है।

आज ESCON है, कल कोई और होगा — जब तक कार्रवाई नहीं होगी।

## खातों में पड़ी लावारिस रकम पर 15 लोगों ने दावा जताया

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के विकास भवन में शुक्रवार को शिविर लगाया गया। शिविर में कई बैंकों में पड़ी लावारिस धनराशि के लिए 15 लोगों ने दावा किया। अब इन दावों की जांच करके वारिसों को धनराशि दी जाएगी। शिविर की अध्यक्षता सीडीओ शिवकांत द्विवेदी ने किया। इसमें मुख्य अतिथि एलएमसी अतिथि श्रीचंद शर्मा रहे। शिविर का आयोजन और संचालन जिला अग्रणी बैंक (एलडीएम) राजेश कटारिया ने किया। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न बैंकों के करीब चार खाते में वर्षों से 190.63 करोड़ रुपये की धनराशि विभिन्न कारणों से बैंक खातों में लावारिस पड़ी हुई है। इन निष्क्रिय खातों में दावा करने के लिए वारिसों या खाता धारकों को अवसर दिया जा रहा है।शुक्रवार को आयोजित हुए शिविर में 15 लोगों ने दावा किया।

## महिला की हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया



**ग्रेटर नोएडा।** थाना जेवर पुलिस ने महिला की हत्या करने वाले दो अभियुक्तों बंटी पुत्र रणवीर सिंह निवासी मोहल्ला कुम्हारान कस्बा जहांगीरपुर थाना जेवर गौतमबुद्धनगर, राकेश पुत्र खजान सिंह निवासी मोहल्ला कुम्हारान कस्बा जहांगीरपुर थाना जेवर गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक फावड़ा,एक अंगौछा,एक शॉल बरामद किया गया है। गौरतलब है कि 19/20 नवम्बर 2025 की रात्रि को थाना जेवर पुलिस को मोहल्ला कुम्हारान जहांगीरपुर में बने एक पुराने खंडहरनुमा मकान में शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी करने पर तो ज्ञात हुआ कि उक्त शव रंजना पत्नी महेश निवासी मोहल्ला कुम्हारान जहांगीरपुर थाना जेवर गौतमबुद्धनगर का है। उक्त शव को हत्या करके छिपाया गया था। मिली जानकारी के अनुसार मृतका रंजना पत्नी महेश निवासी मोहल्ला कुम्हारान जहांगीरपुर थाना जेवर व दोनों अभियुक्तों की पत्नियाँ आपस में कई वर्षों से मित्र थीं तथा पड़ोसी होने के कारण तीनों परिवारों में आपसी आना-जाना था। चार-पांच वर्ष पूर्व राकेश की पत्नी, मृतका रंजना के बहकावे में आकर राकेश से विवाद कर किसी अन्य पुरुष के साथ चली गई। इसी प्रकार बंटी की पत्नी भी लगभग 6 माह पूर्व विवाद के कारण बंटी से अलग होकर दिल्ली में रहने लगी। दोनों अभियुक्तों को यह शक था कि मृतका ने ही उनकी पत्नियों को षडयंत्र करके भगवा दिया है क्योकिं अभियुक्तों की पत्नियों की वार्ता मृतक महिला से होती थी।18 नवम्बर 2025 को दोनों अभियुक्तों ने योजना बनाकर रात्रि में रंजना के घर जाकर दरवाजा खुलवाया और अंदर प्रवेश किया। दोनों ने रंजना के गले में अंगोछा डालकर फंदा बनाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से मृतका की शॉल से फंदा बनाकर शव को कमरे में लगे पंखे से लटका दिया ताकि यह आत्महत्या प्रतीत हो।

## स्कूल जा रहे छात्र पर चढ़ी कार

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना, अजनारा होम्स सोसाइटी का मामला

एजेंसी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र स्थित अजनारा होम्स सोसाइटी में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा होते-होते टल गया। सोसाइटी में रहने वाले एक छात्र पर पीछे से आ रही कैब चढ़ गई। घटना उस समय हुई, जब छात्र अपनी बहन के साथ स्कूल के लिए सोसाइटी गेट की ओर दौड़ रहा था।

दौड़ते वक्त अचानक छात्र फिसलकर नीचे गिर गया, उसी दौरान पीछे से आ रही कैब का पहिया उसके ऊपर चढ़ गया। बच्चे को गाड़ी के नीचे आता देख आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद कैब चालक ने तुरंत वाहन रोक दिया। गनीमत रही कि छात्र को गंभीर चोट नहीं आई और वह सुरक्षित है।

हादसे की पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फुटेज में साफ दिखाई देता है कि छात्र अचानक फिसलता है और उसी पल कैब का अगला पहिया उसके ऊपर से गुजरता है।

छात्र के परिजनों ने इस घटना में किसी भी प्रकार की शिकायत देने से इंकार कर दिया है। वहीं, पुलिस का कहना है कि उन्हें मामले से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि, वीडियो सामने आने के बाद घटना के बारे में जानकारी मिली है।

## नोएडा में एजेंसियां कुत्तों की संख्या का सर्वे करेगी

### टेंडर जारी कर चयन होगा, सार्वजनिक स्थानों से कुत्ते हटाए जाएंगे

**नोएडा।** नोएडा में लावारिस कुत्ते कितने हैं, इनका सर्वे करने का जिम्मा चार एजेंसियों को दिया जाएगा। ये एजेंसियां सर्वे करने के बाद बनने वाले दो बड़े शेल्टरों का संचालन भी करेंगी। एजेंसियों का चयन करने के लिए प्राधिकरण जल्द टेंडर जारी करेगा। उच्चतम न्यायालय ने कुछ दिन पहले स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, बस अड्डों जैसी सार्वजनिक जगहों से लावारिस कुत्तों को हटाने के लिए आदेश दिया था।कोर्ट के आदेश के बाद नोएडा प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है। शहर में सेक्टर-35 मोरना बस डिपो,




सेक्टर-38ए स्थित बॉटनिकल गार्डन बस स्टैंड, सेक्टर-21 ए नोएडा स्टेडियम, सेक्टर-39 जिला अस्पताल सेक्टर-39, सेक्टर-30 चाइल्ड पीजीआई के अलावा अन्य स्थान शामिल हैं। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि इन सार्वजनिक जगहों से लावारिस कुत्तों को हटाने के लिए उनकी संख्या तय की जानी जरूरी है। इसके लिए पूरे शहर में लावारिस कुत्तों का सर्वे करवाया जाएगा। यह सर्वे चार एजेंसी करेंगी।

### सार्वजनिक जगहों पर कुत्तों की संख्या बताएगी

प्राधिकरण को ये एजेंसी अपने क्षेत्र के हिसाब से सार्वजनिक जगहों, गांव और सेक्टर की रिपोर्ट लावारिस कुत्तों की संख्या के साथ में देंगी। इस रिपोर्ट से प्राधिकरण को सार्वजनिक जगहों से लावारिस कुत्तों को उठाकर शेल्टर होम ले जाने में मदद मिलेगी। इससे लावारिस कुत्तों की संख्या का सटीक आंकड़ा भी प्राधिकरण के पास उपलब्ध हो जाएगा।

### टेंडर के जरिए होगा चयन

अधिकारियों ने बताया कि प्राधिकरण सर्वे के लिए चार एजेंसियों का चयन टेंडर के जरिए करेगा। इनसे हिंसक प्रवृत्ति के कुत्तों की जानकारी भी मिल जाएगी।

ऐसे कुत्तों को सेक्टर और गांव से प्राधिकरण की टीमें शेल्टर होम ले जाएंगी। वहां पर इनको एंटी रैबीज का इंजेक्शन दिया जाएगा और नसबंदी भी की जाएगी।

## शार्ट न्यूज

### नोएडा में किसान संघर्ष समिति ने दी चेतावनी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के प्रेस क्लब में किसान संघर्ष समिति ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान किसानों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर लगातार विश्वासघात करने का आरोप लगाया और अपनी समस्याएं मीडिया के सामने रखीं। समिति के अध्यक्ष वी.वी. सिंह ने कहा कि किसानों के साथ वादाखिलाफी की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि अस्तौली गांव में बन रहे डंपिंग ग्राउंड का काम 25 तारीख को होने वाले बड़े आंदोलन के बाद किसी भी कीमत पर आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अस्तौली गांव में डंपिंग ग्राउंड और उससे जुड़े मार्ग के लिए अधिग्रहित भूमि का बढ़ा हुआ प्रतिकार (मुआवजा) किसानों को नहीं मिल रहा है। 26 किसानों का प्रतिकार प्राधिकरण ने स्वीकृत किया था, जिनमें से 22 किसानों को भुगतान कर दिया गया है। लेकिन शेष 4 किसानों से रिश्वत मांगी जा रही है और उन्हें एक साल से पैसा नहीं दिया गया है। इसके अलावा 70 अन्य किसान भी बढ़े हुए प्रतिकार का इंतजार कर रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि वे पिछले एक साल से प्राधिकरण के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन दिया जा रहा है, कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

### ग्रेटर नोएडा सोसाइटी में कार ने तीन को टक्कर मारी, पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लिया



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने तीन हाउसकीपिंग स्टाफ को टक्कर मार दी। यह घटना शुक्रवार सुबह सुपरटेक इको विलेज-2 सोसाइटी के पार्किंग रैंप पर हुई, जिसमें तीनों कर्मचारी घायल हो गए। बिसरख पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 8 बजे सुपरटेक इको विलेज-2 निवासी राहुल अपनी कार पार्किंग में ले जा रहे थे। इसी दौरान रैंप पर उनका वाहन अनियंत्रित हो गया और उसने तीन कर्मचारियों को अपनी चपेट में ले लिया। घायलों की पहचान मनीराम (40, निवासी बुआरा, मध्य प्रदेश), राजू (40, निवासी सिलरा, मध्य प्रदेश) और मोनिका देवी (30, निवासी गजपुरा, मैनपुरी) के रूप में हुई है। ये सभी सोसाइटी में हाउसकीपिंग का काम करते हैं। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी निजी अस्पताल ले जाया गया है, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत सामान्य बताई है।

### डिपो में चालकों की भर्ती प्रक्रिया जारी

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो में संविदा चालकों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। कार्यदिवस में लोग चालक की भर्ती की प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं। लोग नोएडा डिपो में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक पहुंच सकते हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो में 305 बसें हैं। सभी साधारण और सीएनजी से चलने वाली बसें हैं। दोनों डिपो में एक हजार से अधिक संविदा चालक और परिचालक नियुक्त हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि संविदा चालकों की भर्ती के लिए प्रक्रिया जारी है। इसमें चालकों का आठवी पास, लंबाई 5 फुट तीन इंच और भारी वाहन को चलाने का ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है।उन्होंने कहा कि संविदा चालकों की साक्षात्कार प्रक्रिया चलती रहती है। इसकी वजह कुछ चालकों द्वारा एक साल से अधिक समय से अनुपस्थित रहना है। इन चालकों से पत्राचार के जरिए पूछा जाता है कि उन्हें ड्यूटी ज्वाइन करनी है या नहीं।

## नशे पर 'प्रहार' : गौतमबुद्धनगर पुलिस ने 4 करोड़ 29 लाख का मादक पदार्थ किया खाक

**नोएडा।वकार सैफी।** चार करोड़ उनतीस लाख रूपये...यह सिर्फ एक रकम नहीं है, यह उस नशीले जहर की कीमत है। जिसे कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने राख में बदल कर नशे के सौदागरों को कड़ा संदेश दिया है, कि नशे के कारोबार पर यह जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी। जिले के अलग-अलग थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त किए गए मादक पदार्थों 842 किलो से ज्यादा गांजा, लगभग 3 किलो चरस, और एनडीपीएस जैसे खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स।

.. यानी सिर्फ सस्ता नशा गांजा ही नहीं, बल्कि महंगा नशा चरस, एनडीपीएस भी शामिल।842 किलो गांजा की मात्रा यह बताती है कि तस्करों सप्लाई चेन कितनी बड़ी थी।

इतना सारा नशा खुले में माचिस लगाकर नहीं जलाया जाता! अगर ऐसा किया जाए, तो धुएं से आस-पास के लोग भी नशे की चपेट में आ सकते हैं या बीमार पड़ सकते हैं।

इसलिए इंसिनरेटर यानी विशेष भट्टियों में बहुत ही High Temperature पर मादक पदार्थों का आज डिस्पोजल किया गया। डीसीपी नार्कोटिक्स श्रीमती शैव्या गोयल बताया





कि 7 थानों पर दर्ज कुल 149 मुकदमों से सम्बंधित कुल 846.3091 किलोग्राम नशीले पदार्थों, जिसमें 842.866 किलोग्राम गांजा कुल अनुमानित कीमत लगभग 04 करोड़ 21 लाख 43 हजार 300 रुपए, 510 ग्राम डोडा कुल अनुमानित कीमत लगभग 07 हजार 650 रुपए, 02.925 किलोग्राम चरस कुल अनुमानित कीमत लगभग 07 लाख 31 हजार 250 रुपए, 8.27 मिली0 एमडीएमए कुल अनुमानित कीमत लगभग 08 हजार 270 रुपए और 100 गोलियाँ डायजापाम, कुल अनुमानित कीमत लगभग 40 हजार रुपए का डिस्पोजल कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए अधिकृत एजेंसी के माध्यम से कराया गया।

## स्क्रैप माफिया का एक मुकदमा सत्र अदालत में चलेगा

**ग्रेटर नोएडा।** स्क्रैप माफिया रवि काना के खिलाफ दर्ज गैर इरादतन हत्या का एक मुकदमा सत्र अदालत में ट्रांसफर किया गया है। कोर्ट के आदेश पर यह मुकदमा दर्ज हुआ था। एक महिला ने इस मामले में मुकदमे के लिए कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया था। महिला के पति बाबूलाल के नाम दनकौर में एक जमीन थी। आरोप है कि वर्ष 2004 में रवि काना और उसके भाई ने दबाव डालकर इस जमीन का नारायण सिंह के नाम इकरारनामा करा लिया और रुपये भी नहीं दिए। इसका विरोध करने पर दंपति को धमकाया और गांव छोड़ने पर मजबूर किया। मुकदमे की पैरवी के दौरान 29 अक्तूबर 2016 को गौतमबुद्ध नगर कलक्ट्रेट में पति बाबूलाल को आरोपी और उसके साथियों ने घेर लिया।गाली-गलौज की और जबरन गाड़ी में बैठाकर बेरहमी से पीटा। गंभीर हालत में बाबूलाल को बुलंदशहर और फिर मेरठ अस्पताल ले जाया गया था। जहां 30 नवम्बर 2016 को उनकी मृत्यु हो गई थी। यह मुकदमा सीजेएम कोर्ट में था। अब इसे सत्र अदालत ट्रांसफर किया गया है।

## फ्लैट में चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा गया

## तीन आरोपी गिरफ्तार, 13 मोबाइल फोन और नकदी बरामद



**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा की थाना सेक्टर-58 पुलिस ने पीजी और फ्लैटों से मोबाइल फोन व लैपटॉप चोरी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन शातिर आरोपी समीर, अमन और जावेद को सेक्टर-62, जयपुरिया चौराहा के पास से गिरफ्तार किया।

इन आरोपियों के कब्जे से चोरी के 13 मोबाइल फोन, चोरी का सामान बेचकर मिले 19,000 रुपये नकद, एक चोरी की मोटरसाइकिल और दो अवैध चाकू बरामद किए गए हैं। यह गिरोह चोरी के साथ-साथ मोबाइल छीनने (स्नैचिंग) की वारदातों को भी अंजाम देता था।

डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि यह गिरोह सुबह के समय चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। गिरफ्तार आरोपी अमन और जावेद तब पीजी और फ्लैटों में घुसते थे, जब साफ-सफाई चल रही होती थी, कमरे खुले होते थे या लोग अपने काम में व्यस्त होते थे अथवा सो रहे होते थे। वे किसी बहाने से कमरे में प्रवेश कर मोबाइल फोन और लैपटॉप चुरा लेते थे।

इसके अतिरिक्त, ये आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल का उपयोग कर मोबाइल छीनने की घटनाओं को भी अंजाम देते थे। चोरी किए गए मोबाइल फोन और लैपटॉप को गिरोह अपने अन्य साथियों की मदद से पश्चिम बंगाल, बिहार और अन्य राज्यों में बेच देता था।

पुलिस अब इनके बाहर भेजने वाले नेटवर्क और अन्य साथियों की तलाश कर रही है, ताकि पूरे नेटवर्क को खत्म किया जा सके। डीसीपी ने यह भी बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास है।

## घरेलू नौकरानी बनकर चोरी करने वाली दो बहनें गिरफ्तार

### दोनों बहनों से 88 लाख की ज्वेलरी और नकदी बरामद

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा पुलिस ने घरेलू नौकरानी बनकर घरों में चोरी करने वाली दो सगी बहनों को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग 88 लाख रुपये कीमती ज्वैलरी और नकदी बरामद की है। यह कार्रवाई थाना सेक्टर-24 और थाना सेक्टर-49 की संयुक्त टीमों द्वारा की गई।

गिरफ्तार महिला आरोपियों की पहचान मामूनी जना उर्फ मोनी और आशा उर्फ मामोनी उर्फ मोनी यादव के रूप में हुई है। ये दोनों बहनें पश्चिम बंगाल की रहने वाली हैं।

डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि चोरी की घटनाओं का खुलासा करने के लिए गठित टीमों ने सीसीटीवी फुटेज, लोकल इंटेलिजेंस और सर्विलांस की मदद से संदिग्ध महिलाओं की पहचान की। जानकारी मिलने पर कि दोनों महिलाएं पश्चिम बंगाल में हैं, पुलिस टीमें



उच्चाधिकारियों की अनुमति के बाद वहां रवाना हुईं। मुखबिर की सूचना पर इन महिलाओं को पूर्वी मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पिछले पांच वर्षों से नोएडा में रह रही थीं। वे घरेलू सहायिका के तौर पर काम मांगने के बहाने घरों में जाती थीं। जहां भी उन्हें काम मिलता था, वे मौका पाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देती थीं और उस घर में दोबारा काम करने नहीं जाती थीं। चोरी किए गए आभूषणों को वे गलाकर या राह चलते व्यक्तियों को मजबूरी बताकर बेच देती थीं।

मामूनी जना ने स्वीकार किया कि उसने सेक्टर-12, नोएडा के एक घर से ज्वैलरी चोरी की थी, जिसमें से कुछ बेचकर उसे 3 लाख रुपये मिले थे। इसी प्रकार, आशा ने बताया कि उसने 9 अक्टूबर को सेक्टर-49, नोएडा के एक घर से खुली अलमारी से सोने के आभूषण और पैसे चुराए थे।

सेक्टर-24 पुलिस ने लगभग 70 लाख रुपये की ज्वैलरी (पेंडेंट, चेन, मंगलसूत्र, नेकलेस, अंगूठी, डायमंड) और 1,54,810 रुपये नकद बरामद किए हैं।

वहीं, सेक्टर-49 पुलिस ने सोने के बिस्किट, चूड़ियां और 1,34,500 रुपये नकद बरामद किए हैं। कुल बरामदगी लगभग 87 लाख 89 हजार रुपये है, जिसे लगभग 88 लाख रुपये बताया गया है। फिलहाल, पुलिस ने दोनों आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## मुआवजा न देने का आरोप लगाया

**ग्रेटर नोएडा।** अस्तौली गांव में बन रहे कूड़ा निस्तारण केंद्र को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए बनाई जा रही सड़क के लिए अधिग्रहीत जमीन से प्रभावित चार किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। आरोप है कि मुआवजा देने के बदले रिश्वत की मांग की जा रही है। किसान संघर्ष समिति के नेता बिल्लू गुर्जर ने बताया कि जमीन अधिग्रहण से प्रभावित 26 किसानों में से 22 किसानों को मुआवजा दे दिया गया,लेकिन शेष चार किसानों से रिश्वत मांगी जा रही है। पिछले एक साल से प्राधिकरण दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं। उनका कहना है कि 70 और किसानों को बढ़ा हुआ मुआवजा मिलना चाहिए।किसानों का आरोप है कि पिछले वर्ष प्राधिकरण ने 10 करोड़ के चेक अतिरिक्त मुआवजा के रूप में कुछ किसानों को दिए थे।

## नोएडा में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, 2 गिरफ्तार; 11 मोबाइल, 4 कंप्यूटर बरामद

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना फेज-1 पुलिस ने एनसीआर क्षेत्र में संचालित एक अंतरराज्यीय फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करते थे।

पुलिस ने इंटेलिजेंस और सर्विलांस की मदद से सेक्टर-4 स्थित बिल्डिंग नंबर ए-88 के दूसरे तल पर छापा मारा। कमरे नंबर एस-3 से अनुज कुमार (33 वर्ष, निवासी मेरठ) और रोमेश मलिक (24 वर्ष, निवासी शामली) को गिरफ्तार किया गया।

डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि आरोपी Foundit.com से लगभग 30 हजार का डेटा खरीदते थे। इसके बाद वे खुद को Naukri.com का कर्मचारी बनकर बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने का झांसा देते थे।



रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर 950 रुपये और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, फाइल सबमिशन, प्रोफाइल फाइनलाइजेशन और NOC चार्ज जैसे विभिन्न शुल्कों के नाम पर 50 हजार रुपये तक की रकम वसूलते थे। विश्वास जीतने के लिए ये आरोपी कुछ लोगों को फर्जी जॉइनिंग/ऑफर लेटर भी दे देते थे। शिकायत होने पर कॉल को बंद कर देते थे या पीड़ित को ब्लॉक कर देते थे। कॉल सेंटर में केवल महिला कर्मचारियों को एक महीने के लिए रखा जाता था और जानकारी लीक होने के डर से उन्हें तुरंत हटा दिया जाता था। छापेमारी में पुलिस ने 11 कीपैड मोबाइल, 1 स्मार्टफोन, 7 स्टांप मोहरें, 4 फर्जी जॉइनिंग लेटर, 4 कंप्यूटर मॉनिटर, सीपीयू, कीबोर्ड, माउस और 34 ऑफिस फोन के स्क्रीनशॉट बरामद किए हैं। डीसीपी ने बताया कि आरोपी अनुज कुमार का आपराधिक इतिहास है और वह पिछले 8-10 वर्षों से इसी तरह की धोखाधड़ी में सक्रिय है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शनिवार 22 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in

# बरखेड़ा पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में पिता-पुत्र गिरफ्तार

## घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद

**बरखेड़ा।** थाना बरखेड़ा पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में नामजद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तारी आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद किया गया है। बीसलपुर क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में थाना बरखेड़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गैर इरादतन हत्या के मुकदमे में वांछित आरोपी गाजीपुर कुंडा तिराहा, कस्बा बरखेड़ा की ओर देखे गए हैं। इस पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए अभियुक्त राम प्रसाद पुत्र बेनीराम (57 वर्ष) तथा उसका पुत्र जितेंद्र पुत्र राम प्रसाद (33 वर्ष), निवासी ग्राम पचपेड़ा पुखा, थाना बरखेड़ा को मौके से गिरफ्तार कर लिया।अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद किया गया। दोनों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।



18 नवंबर 2025 को वादी गोकरण पुत्र बेनीराम, निवासी ग्राम पचपेड़ा पुखा ने थाना बरखेड़ा में सूचना दी थी कि 16 नवंबर को पारिवारिक विवाद के चलते आरोपी राम प्रसाद और उसके बेटे जितेंद्र ने वादी के पुत्र बादशाह के साथ मारपीट की थी। मारपीट में बादशाह गंभीर रूप से घायल हो गया था।घायल को इलाज के लिए बरेली रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मामले में पुलिस ने उपयुक्त धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## गाजियाबाद में क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर रिश्वत लेते अरेस्ट

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर रमेश सिंह सिंधु को 4 लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ अरेस्ट किया है। पुलिस ने उसके पास से 4 लाख कैश बरामद किया। वहीं, रिश्वत देने वाला कारोबारी राहुल भी भागते समय पकड़ा गया। गाजियाबाद में 3 नवंबर को 3.5 करोड़ का 4 ट्रक कफ सिरप पकड़ा था। उन्हीं 4 ट्रक को छोड़ने के एवज में इंस्पेक्टर ने रिश्वत मांगी थी। शुक्रवार को क्राइम ब्रांच ऑफिस में कारोबारी रिश्वत लेकर पहुंच गया। वहां इंस्पेक्टर को दिया। जैसे ही इंस्पेक्टर ने रिश्वत लेकर अपने ऑफिस में रखी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया- आरोपी इंस्पेक्टर के खिलाफ भ्रष्टाचार संबंधी धाराओं में केस दर्ज किया जा रहा है। जो व्यक्ति घूस दे रहा था, वो भी हमारी गिरफ्त में है।

# पूरनपुर तहसील में एक बिचौलिये के खिलाफ एफआईआर दर्ज


## 51 क्रय केंद्र प्रभारियों का एक दिन का वेतन रोका गया

- पीसीयू, पीसीएफ और यूपीएसएस के जिला प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी किसान का धान बिना कारण रिजेक्ट न किया जाए। रिजेक्शन की स्थिति में किसान को पहले धान सुखाने का अवसर दिया जाए। रिजेक्शन के दौरान दो गवाहों की मौजूदगी में धान का सैंपल सील किया जाए और सैंपल की एक प्रति किसान को दी जाए। किसान चाहे तो तहसील और जिला स्तर की समिति के समक्ष अपील भी कर सकते हैं।

जनपद में अब तक 24,231 किसानों ने धान खरीद के लिए पंजीकरण कराया है, जिनमें से करीब 80 प्रतिशत पंजीकरण का सत्यापन पूरा कर लिया गया है। अधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक धान बोरे पर स्टेंसिल लगाना अनिवार्य है। बिना स्टेंसिल वाले किसी भी बोरे को शासनादेश के उल्लंघन के रूप में माना जाएगा। सभी राइस मिल संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने संबंधित क्रय केंद्र का अनुबंध तत्काल एजेंसी को उपलब्ध कराएं। ऐसा न करने पर संबंधित राइस मिल को पाँच वर्ष के लिए ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है। अधिकारी ने कहा कि राइस मिलों का सम्बन्धीकरण अब मुख्यालय से पूरी तरह ऑटोमेटेड व्यवस्था से होता है, इसलिए किसानों के भुगतान में किसी भी प्रकार के मानवीय हस्तक्षेप की गुंजाइश नहीं है। खाद्य विभाग का दावा है कि पूरे जनपद में धान खरीद सुचारु रूप से चल रही है और किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

## दुष्कर्म मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** जाखौरा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर, अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जखौरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0- 296/25 धारा 64(1), 333, 351(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्त मनोज पुत्र शोभाराम उम्र करीब 25 वर्ष नि0 ग्राम भडरा थाना जखौरा ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक,राजीव कुमार वैश, मय टीम आदि शामिल रहे।

# दो दिन के अनशन के बाद सखिया में ढकुलिया बाबा का मेला फिर शुरू

## संत समाज और प्रशासन के बीच वार्ता बनी सफल, मेले पर लगी रोक हटाई गई

**बीसलपुर।** सखिया गांव स्थित ढकुलिया बाबा बृह्मदेव आश्रम में लगने वाला परंपरागत मेला कई महीनों की बंदी के बाद दोबारा शुरू हो गया है। मेले की बहाली की मांग को लेकर साधु-संत दो दिनों से अनशन पर बैठे थे। श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के बढ़ते दबाव को देखते हुए प्रशासन को वार्ता के लिए आगे आना पड़ा। बीसलपुर की ष्टह्न प्रगति चौहान और दियोरिया के कोतवाल दिगम्बर सिंह पुलिस बल के साथ अनशन स्थल पर पहुंचे। यहां संत समिति अध्यक्ष महाराज सत्य गिरी जी, महात्मा अलखनाथ, स्थानीय साधु-संत, ग्रामीण एवं हिंदू महासभा के पदाधिकारी मौजूद रहे। लंबी वार्ता के बाद मेले की बहाली पर सहमति बन गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मेले पर लगी रोक तत्काल हटाई जाती है। श्रद्धालु बिना किसी रोक-टोक के पूजा-अर्चना कर सकेंगे। आश्रम में सुरक्षा के लिए दो पुलिसकर्मी 24 घंटे तैनात रहेंगे। साथ ही यह भी निर्णय हुआ कि मेले में किसी भी प्रकार की दुकानों—खाने-पीने, खिलौने, जनरल आइटम आदि—को लगाने की अनुमति नहीं होगी।



केवल पूजा सामग्री ही श्रद्धालु ला सकेंगे। सहमति बनते ही संत समाज ने अनशन समाप्त कर दिया। निर्णय की घोषणा होते ही आश्रम परिसर में हर-हर महादेव के जयघोष गूंज उठे और बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच गए। मेले की पुनः शुरुआत से सखिया और आसपास के गांवों में फिर से रौनक लौट आई है। निर्णय के दौरान सुनील अवस्थी, महंत अवनीश रतन, राम प्रताप मिश्रा, दीपक मौर्य, प्रतीक, रवि शिवम् सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# एसपी मो0 मुश्ताक ने परेड की ली सलामी, पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**ललितपुर।** पुलिस लाइन के मैदान में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। एसपी ने परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड एवं तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। तत्पश्चात रिज़र्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं डायल-112, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कंट्रोल रूम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव तथा संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके पश्चात डायल-112 के पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया गयां । निरीक्षण के दौरान वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों (वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल) की कार्यशीलता तथा अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा-भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया तथा त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसके उपरांत अर्दली रूम का आयोजन किया गया, जिसमें रिज़र्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया।



## मेरठ में रेप पीड़िता ने थाने में जहर खाया

**मेरठ।** मेरठ में शुक्रवार को रेप पीड़िता ने महिला थाने में जहर खा लिया। महिला सिपाही जब उसे पकड़ने के लिए दौड़ीं। वह जमीन पर गिर पड़ी। हालत बिगड़ने पर महिला सिपाही उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचीं। जहां डॉक्टरों ने इलाज के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। युवती ने होश आने पर बताया कि मकान मालिक ने दो साल तक मेरे साथ गंदा काम किया। वही मेरे बच्चे का पिता भी है। मैंने जब उससे शादी की बात कही तो वो मुकर गया। मैं पहले भी 2 बार पुलिस में शिकायत कर चुकी हूं। मगर मेरी सुनवाई नहीं हो रही। रेप पीड़िता ने बताया- मैं बांदा की रहने वाली हूं। दो साल पहले मेरठ के गंगानगर थाना क्षेत्र में किराए का मकान लिया था।

# सर्दी एवं कोहरा के मौसम में यातायात पुलिस ने लगाए रिफ्लेक्टर टेप

**ललितपुर।** यातायात माह नवम्बर के अंतर्गत यातायात पुलिस ने शुक्रवार को नियमों के उल्लंघन पर 131 वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। सर्दी एवं कोहरा के मौसम के दृष्टिगत यातायात पुलिस ने नवीन गल्ला मंडी में पहुंचकर ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाई।

पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निर्देशन में ,यातायात प्रभारी, ललितपुर आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व कोहरे आदि में दृश्यता बनाए रखने के उद्देश्य से नवीन गल्ला मंडी ललितपुर में ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टिव टेप चस्पा किए गए। उक्त के अतिरिक्त यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया व नियम विरुद्ध वाहन का संचालन करने वालों के खिलाफ प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए 132 वाहनों का चालान किया गया।



# मिर्जापुर के 3 युवक सीमेंट फैक्ट्री में जिंदा जले

**मिर्जापुर।** यूपी के मिर्जापुर के 3 मजदूर अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री में काम करते समय जिंदा जल गए। 1100 डिग्री सेल्सियस पर उबलता हुआ मटेरियल तीनों पर गिरा। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इनमें दो मजदूर पहले ही दिन काम पर फैक्ट्री में आए थे।

हादसा राजस्थान के ब्यावर जिले में शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे रास थाना क्षेत्र में हुआ। एसआई रोहिताश ने बताया- फैक्ट्री में रोज की तरह बड़ी संख्या में मजदूर काम कर रहे थे। अचानक बॉयलर फटने से पीएच सेक्शन में काम कर लौट रहे मजदूरों पर ऊपर से अत्यधिक गर्म मटेरियल गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार क्लीन सेक्शन में तापमान करीब 1100 डिग्री सेल्सियस रहता है। अत्यधिक मात्रा में गिरे मटेरियल से मजदूर 90 प्रतिशत से अधिक झुलस गए थे।

हादसे में अजय कुमार (21) पुत्र वंश नारायण, पप्पू कुमार (25) पुत्र दुर्गा कुमार और गोविंद मौर्या (22) की मौत हुई है। ये तीनों उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के चुनार थाना क्षेत्र के निवासी थे और आर.के. रि-फैक्ट्री कंपनी के तहत कार्यरत थे।

# पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दस वारंटी गिरफ्तार किए

**ललितपुर।** तालबेहट, कोतवाली पुलिस ने अलग-अगल स्थानों से दस वारंटियों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये गये अभियान तलाश व गिरफ्तारी वांछित / वारण्टी के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में थाना तालबेहट के पुलिस बल के द्वारा 10 वारण्टी अभियुक्तगणो को गिरफ्तार किया गया। वारण्टी अभियुकोतगणो को गिरफ्तार कर नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गुलाब पुत्र मोतीलाल नि0 ग्राम रामपुर मजरा लाटुआ थाना तालबेहट रमेश पुत्र मोतीलाल नि0 ग्राम रामपुर मजरा लाटुआ थाना तालबेहट श्याम पुत्र मोतीलाल नि0 ग्राम रामपुर मजरा लाटुआ थाना तालबेहट से सम्बन्धित NBW केस नं0 444/25 ग्यासी बनाम श्याम आदि थाना तालबेहट धारा 115 (2)/352 बीएनएस मान0 न्याया0 न्यायाधिकारी सिविल जज (जू0डि0) न्यायालय तालबेहट हरीराम पुत्र चैनू कल्लू पुत्र परसादी नि0गण ग्राम असऊपुरा थाना तालबेहट से सम्बन्धित NBW केस नं0 2540/06 सरकार बनाम चैनू आदि धारा 324/323/504/506 भादवि थाना तालबेहट मान0 न्याया0 सीजेएम ललितपुर अजय उर्फ टमाटर पुत्र सियाराम नि0 मु0 चौबयाना कस्बा व थाना तालबेहट से सम्बन्धित NBW केस नं0 422/06 सरकार बनाम विजय आदि धारा 323/504/506/325 भादवि थाना तालबेहट मान0 न्याया0 सीजेएम ललितपुर गुड्डा पुत्र नत्थू पप्पू पुत्र नत्थू बन्दू पुत्र नत्थू कुशवाहा नि0गण ग्राम खांदी मजरा रानीपुरा थाना तालबेहट से सम्बन्धित NBW केस नं0 9032/17 सरकार बनाम गुड्डा आदि धारा 434/506 भादवि थाना तालबेहट ललितपुर मान0 न्याया0 सीजेएम ललितपुर के समक्ष पेश किया जा रहा है।



गिरफ्तार करने वाली टीम निरीक्षक उदयवीर सिह प्रभारी उ. नि. मानवेन्द्र सिह उ. नि. सुधाकर पाण्डेय उ.नि. सरोत्तम सिह कां. प्रवीन कुमार कां. लतीफ का. कमल कुमार का. सूरज आदि शामिल रहे।

# रेलवे ट्रैक किनारे मिला बीटेक छात्र का शव

## जनेश्वर मिश्र पार्क घूमने निकला था, अवसाद में चल रहा था

**लखनऊ।** लखनऊ के गोमतीनगर के ग्वारी रेलवे क्रॉसिंग के पास गुरुवार देर रात बीटेक छात्र का शव मिला। रात करीब 12: 30 बजे राहगीरों ने पुलिस को शव पड़े होने की सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अज्ञात में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजन ढूंढते हुए थाने पहुंचे तब घटना की जानकारी हुई।

गोमतीनगर विकासखंड-5 निवासी आशु गौतम (22) पुत्र राकेश गौतम बंसल इंस्टीट्यूट में बीटेक का छात्र था। पिता राकेश ने बताया गुरुवार शाम आशु अपनी मां से जनेश्वर मिश्र पार्क घूमने की बात कहकर घर से निकला था। वह मोबाइल लेकर पैदल ही गया था। रात करीब 10 बजे मां ने फोन किया तो उसने जल्द लौटने की बात कही।

माँ ने रात करीब 11 बजे दोबारा फोन किया गया तो कुछ देर तक रिंग गई फिर मोबाइल स्विच ऑफ हो गया।

देर रात तक घर न लौटने पर परिजन आसपास तलाश करते रहे, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। सुबह थाने पहुंचने पर पुलिस ने शव मिलने की जानकारी दी। परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। जहां उन्होंने शव की पहचान की।

### डिप्रेशन में रहता था छात्र

पिता ने बताया कि आशु पढ़ाई में कमजोर था। उसने बंसल इंस्टीट्यूट में बीटेक में दाखिला लिया था लेकिन बैक लगने के बाद उसने तीन महीने पहले पढ़ाई छोड़ दी थी। इसके बाद से वह अवसाद में रहने लगा था। पिता निजी इलेक्ट्रिशियन का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि बेटे की किसी से दुश्मनी नहीं थी और न ही उन्हें किसी पर शक है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बीसलपुर में मीना बाजार से बाइक चोरी, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**बीसलपुर।** मीना बाजार के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात चोर उठा ले गए। बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव बेहटी निवासी पिंटू पुत्र रामफूल कश्यप ने तहरीर देकर बताया कि 17 नवंबर को वह अपनी बाइक (संख्या क्क26 ष्ठ 8881 हीरो होंडा स्प्लेंडर) को लॉक कर बाजार के अंदर चला गया था। बाहर लौटने पर बाइक गायब मिली। बाइक की काफी तलाश की गई लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है।

# मेरठ में 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश

**मेरठ।** मेरठ के परतापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। यह घटना शुक्रवार देर शाम तब हुई जब बच्ची पड़ोस में आयोजित जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने गई थी। जानकारी के मुताबिक, गांव का ही निवासी 45 वर्षीय बंटी नशे की हालत में बच्ची को बहाने से एक कमरे में ले गया। वहां उसने बच्ची के साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया।

बच्ची के चीखने पर पार्टी में मौजूद लोग दौड़कर कमरे तक पहुंचे। लोगों को देखकर आरोपी बंटी मौके से फरार हो गया। बच्ची के परिवार ने तुरंत परतापुर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम गांव पहुंची और बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने आरोपी बंटी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी बंटी शराब के नशे में अक्सर विवाद करता था और पहले भी ऐसी हरकतें कर चुका है।

# शार्ट न्यूज

## पुरुष नसबंदी पखवाड़ा शुरू

**बीसलपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलाया जा रहा है। शुक्रवार को स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक आलमगीर ने सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर नगर में जागरूकता अभियान की शुरुआत की।सारथी वाहन के माध्यम से नागरिकों को पुरुष एवं महिला नसबंदी के बारे में जानकारी दी गई और नसबंदी कराने के लिए प्रेरित किया गया। अधीक्षक ने बताया कि पखवाड़े के दौरान नसबंदी कराने वालों को 3000 रुपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की तुलना में पुरुष नसबंदी आसान और सुरक्षित है, और प्रक्रिया के बाद व्यक्ति तुरंत अपने घर जा सकता है।उन्होंने बताया कि नसबंदी के तीसरे दिन तक राशि सीधे लाभार्थी के खाते में भेज दी जाएगी। अधीक्षक ने कहा कि स्वस्थ और छोटा परिवार रखने के लिए पुरुषों को आगे आना जरूरी है।

## निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए सत्यवान अवस्थी सम्मानित राष्ट्रीय समारोह में मिला सम्मान



**बीसलपुर।** अमर उजाला के बीसलपुर तहसील प्रभारी सत्यवान अवस्थी को निष्पक्ष और निष्कपट पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया है। नोएडा के सेक्टर 51 स्थित रामा पैलेस में 19 नवंबर को अमर उजाला समूह द्वारा आयोजित राष्ट्र स्तरीय समारोह में समूह के प्रबंध निदेशक तन्मय माहेश्वरी ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया। समारोह में अमर उजाला के चेयरमैन राजुल माहेश्वरी, निदेशक वरुण माहेश्वरी सहित संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी और देशभर से आए प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में कई अन्य पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।सत्यवान अवस्थी के सम्मानित होने की खबर से स्थानीय पत्रकारों व जनता में खुशी की लहर है।

## जनपद के 5523 किसानों से अब तक 37 हजार मीट्रिक टन धान खरीदा गया

**पीलीभीत।** जनपद में धान खरीद अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि अब तक 5523 किसानों से 37,000 मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। खरीदे गए धान के एवज में किसानों को 8037 लाख रुपये, यानी कुल देय भुगतान का 94 प्रतिशत राशि उपलब्ध करा दी गई है। लगभग 95 प्रतिशत किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान किया जा रहा है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी न हो। अधिकारी ने बताया कि कुछ किसानों के बैंक खातों की एनपीसीआई मैपिंग न होने के कारण भुगतान लंबित है। ऐसे किसानों को बैंक भेजकर मैपिंग कराई जा रही है, जिसके बाद भुगतान पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। जिले में एक हजार गांठ (लगभग पाँच लाख बोरे) उपलब्ध हैं, इसलिए सभी क्रय केंद्रों पर बोरे की कोई कमी नहीं है। साथ ही धान क्रय एजेंसियों के पास भुगतान के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध है।

## बेटे को छोड़ जिम ट्रेनर संग भागी महिला

**बरेली।** बरेली में पति और 5 साल के बेटे को छोड़कर जिम ट्रेनर के साथ रह रही महिला को समझाने पहुंचे भाई पर प्रेमी शोएब और उसके साथियों ने हमला कर दिया। भाई को पीटकर अधमरा करने के बाद हंगामा बढ़ गया। महिला की मां के हिंदूवादी संगठन से जुड़े होने के चलते कार्यकर्ता जुट गए और सड़क पर जाम लगाकर नारेबाजी शुरू कर दी। करीब 3-4 घंटे से चल रहा यह बवाल देखते ही देखते सांप्रदायिक रंग लेने लगा। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर फोर्स के साथ पहुंच गए। जाम लगाकर नारेबाजी कर लोगों को समझाया। भाई की तहरीर पर एफआईआर दर्ज किया। इसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। गुरुवार का यह मामला इज्जतनगर थाना क्षेत्र का है। दरअसल, महिला नाराज होकर छह महीने पहले गुरुग्राम में रहने वाले पति का घर छोड़कर मायके बरेली आ गई थी। इस दौरान उसने एक जिम में ट्रेनर की नौकरी कर ली। इस दौरान उसकी नजदीकियां एक मुस्लिम ट्रेनर के साथ बढ़ी। मां को जानकारी हुई तो उसने वापस भेज दिया लेकिन दुबारा झगड़ा करके महिला, ट्रेनर के साथ रहने लगी थी।

## बरेली में हरहरपुर रोड पर हादसा, किसान की मौत

**बरेली।** हाफिजगंज में हरहरपुर रोड पर शुक्रवार शाम एक सड़क हादसे में 60 वर्षीय किसान सर्वेश्वर दयाल उर्फ चंदा बाबू की मौत हो गई। गन्ने से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। किसान हाफिजगंज बाजार से घरेलू सामान खरीदकर अपने गांव बकैनिया लौट रहे थे। शुक्रवार शाम करीब 7: 30 बजे जैसे ही वह हरहरपुर रोड पर पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार में आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सर्वेश्वर दयाल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रॉली समेत मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल किसान को तुरंत बरेली ले जाने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों ने थाने में अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रैक्टर की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी चालक को जल्द ही गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बलरामपुर में पोषण समिति की बैठक संपन्न

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण, बच्चों के पोषण स्तर में सुधार और संबंधित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों, सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों, बाल-मैत्रिक शौचालय निर्माण, हॉट-कुक्ड फूड व्यवस्था और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति पर चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त, अति-कुपोषित एवं कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके सुधार कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर इन्फेंट वेइंग मशीन, इन्फेंटोमीटर और अन्य आवश्यक पोषण उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत निधि से इन उपकरणों की खरीद सुनिश्चित करने और इसके लिए ग्राम प्रधानों को विशेष अपील पत्र भेजने की बात कही। डीएम ने वीएचएसएनडी (वीर बाल स्वास्थ्य और पोषण दिवस) सत्रों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक क्षेत्र में नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए भी कहा।

## मऊ में 1 हजार गाड़ियों का चालान कटा

**मऊ।** मऊ जिले में शुक्रवार देर शाम यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के आजमगढ़ मोड़ पर लगातार चार घंटे तक चली इस चेकिंग के दौरान 1000 वाहनों का चालान किया गया। यह कार्रवाई यातायात माह के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी ने बताया कि यह अभियान शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक पूरे जनपद में चलाया गया। इसमें रोडवेज बसें, चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहन और ई-रिक्शा सहित विभिन्न गाड़ियों के चालान काटे गए। जिन वाहनों के कागजात पूरे नहीं थे, क्षमता से अधिक यात्री ले जा रहे ई-रिक्शा, डग्गामार वाहन, हूटर का इस्तेमाल करने वाले और काली फिल्म लगाकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यातायात माह होने के बावजूद इस महीने मऊ जनपद में कई सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इन दुर्घटनाओं के कारणों को चिन्हित किया गया है, जिनमें ओवर-स्पीडिंग और अचानक होने वाली घटनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर हॉटस्पॉट चिन्हित किए जा रहे हैं।

